फर्द अहकाम
कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री हितेष कुमार मेहता तहसील रोड़ भीम तहसील भीम जिला राजसमन्द पिनकोड 305921 **– अपीलार्थी**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम **– प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 18 / 2024**

कमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 02.05.2024 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से जरिये क्रमांक–भू0अ0 / सू0अ0 / 2024 / 382 दिनांक 18.03.2024 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(1) के अन्तर्गत प्रार्थी श्री हितेष मेहता, अध्यक्ष, बार ऐसोसिऐशन भीम, जिला राजसमन्द के आवेदन पत्र दिनांक 08.01.2024 की सूचना प्रार्थी को जरिये रजिस्टर्ड डाक इस कार्यालय के पत्र क्रमांक भू0अ0 / सू0अ0 / 2024 / 381 दिनांक 18.03.2024 से उपलब्ध करवा दी गई। प्रार्थी द्वारा वांछित सूचना संकलित श्रेणी की होने से सूचना तैयार किये जाने में विलम्ब हुआ है। विलम्ब होने से प्रार्थी को निशुल्क सूचना उपलब्ध करायी गयी है अब प्रार्थी को कोई और सूचना दिया जाना शेष नहीं है लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना अपीलार्थी को जरिये तहसीलदार भीम के पत्रांक भू0अ0 / सू0अ0 / 2024 / 381 दिनांक 18.03.2024 द्वारा उपलब्ध करा दी जाने से उक्त प्रकरण खारिज किया जाता है निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर) राजसमंद	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)